**भारत सरकार**

**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1431**

**उत्तर देने की तारीख 30 जुलाई, 2021**

**शुक्रवार, 08 श्रावण, 1943 (शक)**

**कौशल प्रशिक्षण पर व्यय**

**1431 श्री संजय सिंह:**

क्या **कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की शुरूआत से लेकर अब तक इस योजना के अंतर्गत कुल कितने व्यक्तियों को कौशल विकास प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत प्रमाणित कुल कुशल व्यक्तियों में से अब तक कितने व्यक्तियों को नौकरियां प्राप्त हुई हैं;

(ग) इस योजना के अंतर्गत व्यक्ति को कुशल बनाने और नौकरी प्राप्त होने की प्रक्रिया के दौरान सरकार द्वारा प्रति व्यक्ति औसतन कितना व्यय किया जाता है;

(घ) इस योजना के अंतर्गत प्रमाणित कुशल व्यक्तियों को प्राप्त नौकरियों से होने वाली औसतन आय कितनी है; और

(ड.) तत्संबंधी राज्य-वार और लिंग-वार ब्योरा क्या है?

**उत्तर**

**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री**

**(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) कुशल भारत मिशन का उद्देश्य कौशल विकास के माध्यम से भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना है। स्किल इंडिया मिशन के तहत कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) देशभर के युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए अपनी महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) का कार्यान्वयन कर रहा है। स्कीम के दो घटक नामत: अल्पावधि प्रशिक्षण (एसटीटी) और पूर्व शिक्षण मान्यता (आरपीएल) हैं। शुरुआत से अब तक पीएमकेवीवाई के तहत 104.49 लाख उम्मीदवारों (एसटीटी में 52.46 लाख और आरपीएल में 52.03 लाख) को प्रमाणित किया गया है।

(ख) एसटीटी नियोजन से सम्बद्ध है, जबकि आरपीएल उम्मीदवार के मौजूदा कौशल को मान्यता देता है और नियोजन का प्रावधान नहीं है। एसटीटी-पीएमकेवीवाई के तहत 10.07.2021 तक 52.46 लाख अभ्यर्थियों को प्रमाणित किया गया है, जिनमें से 23.2 लाख अभ्यर्थियों को नियोजित किया गया है।

(ग) अनुमोदित दिशा-निर्देशों के अनुसार पीएमकेवीवाई के तहत एसटीटी और आरपीएल के लिए प्रति उम्मीदवार औसत लागत नीचे दी गई है-

| **चरण** | **एसटीटी/नवीन कौशलीकरण** | **आरपीएल** |
|---|---|---|
| पीएमकेवीवाई 1.0 (2015-16) | 8000 | 2200 |
| पीएमकेवीवाई 2.0 (2016-20) | 15,195 | 4,000 |
| पीएमकेवीवाई 3.0 (2020-21) | 22,770* | 2,888 |

*टिप्पणी: औसत लागत में पीएमकेवीवाई 3.0 के तहत नए अतिरिक्त प्रावधान/प्रोत्साहनों को शामिल किया गया है जैसे उम्मीदवारों को एक बारगी नियोजन यात्रा लागत, कैरियर प्रगति सहायता, विदेशी नियोजन के लिए विशेष प्रोत्साहन, दिव्यांग उम्मीदवारों को अतिरिक्त सहायता, अंग्रेजी रोजगारपरकता और उद्यमशीलता (ईईई) मॉड्यूल, मोबाइल ट्रैकिंग भत्ता, एईबीएएस को भुगतान, प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण शुल्क, आकलनकर्ता प्रशिक्षक शुल्क आदि।

(घ) एसटीटी-पीएमकेवीवाई 2.0 के तहत एक उम्मीदवार का औसत वेतन लगभग 8,500 रुपये प्रति माह है।

(ङ) 10-07-2021 को नियोजन सम्बद्ध एसटीटी-पीएमकेवीवाई के तहत नियोजित किए जा रहे उम्मीदवारों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार और स्त्री-पुरुष वार औसत वेतन अनुबंध में दिया गया है।

**अनुबंध**

**10.07.2021 की स्थिति के अनुसार, पीएमकेवीवाई के एसटीटी घटक से संबद्ध नियोजन के अंतर्गत नियोजित किए गए उम्मीदवारों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जेंडर-वार औसतन आय**

| क्र.सं. | राज्य | महिला | पुरूष | ट्रांसजेंडर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 9,858 | 10,000 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 8,310 | 9,107 | 9,416 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 10,145 | 10,396 | 0 |
| 4 | असम | 7,330 | 7,718 | 7,000 |
| 5 | बिहार | 7,869 | 8,277 | 0 |
| 6 | चंडीगढ़ | 9,270 | 9,421 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ | 7,093 | 7,704 | 0 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 12,827 | 12,484 | 0 |
| 9 | दमन और दीव | 10,683 | 11,417 | 0 |
| 10 | दिल्ली | 10,139 | 10,454 | 10,500 |
| 11 | गोवा | 8,853 | 8,035 | 0 |
| 12 | गुजरात | 8,141 | 8,702 | 0 |
| 13 | हरियाणा | 8,522 | 9,227 | 0 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 7,831 | 7,759 | 0 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 6,896 | 7,002 | 0 |
| 16 | झारखंड | 8,174 | 8,308 | 0 |
| 17 | कर्नाटक | 8,843 | 9,804 | 0 |
| 18 | केरल | 7,961 | 8,762 | 0 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 6,995 | 7,789 | 8,350 |
| 20 | महाराष्ट्र | 7,662 | 8,960 | 0 |
| 21 | मणिपुर | 7,686 | 8,275 | 0 |
| 22 | मेघालय | 10,267 | 10,120 | 0 |
| 23 | मिजोरम | 11,663 | 12,457 | 0 |
| 24 | नगालैंड | 5,978 | 6,630 | 0 |
| 25 | उड़ीसा | 7,657 | 8,100 | 7,500 |
| 26 | पुदुचेरी | 7,365 | 8,098 | 0 |
| 27 | पंजाब | 7,570 | 8,137 | 0 |
| 28 | राजस्थान | 7,472 | 8,049 | 7,700 |
| 29 | सिक्किम | 9,474 | 9,352 | 0 |
| 30 | तमिलनाडु | 6,874 | 7,876 | 7,000 |
| 31 | तेलंगाना | 8,151 | 8,805 | 6,000 |
| 32 | त्रिपुरा | 5,669 | 7,419 | 0 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 8,173 | 8,688 | 6,500 |
| 34 | उत्तराखंड | 8,547 | 8,534 | 0 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 6,666 | 7,399 | 0 |
| **कुल औसत** | | | **8,152** | |

**टिप्पणी:** *विभिन्न क्षेत्रों की विभिन्न जॉब रोलों के लिए औसत वेतन है।*

*******